प्रदेश स्तर पर निवेश में नोएडा नंबर-1

ऑनलाइन न चलाएं नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। नोएडा में लगातार निवेश बढ़ रहा है।




प्रदेश स्तर पर निवेश में नोएडा नंबर-1

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। नोएडा में लगातार निवेश बढ़ रहा है। यूपी सरकार की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 के बाद प्रदेश के सभी शहरों से आए निवेश के आंकड़े औद्योगिक विकास विभाग ने जारी किए हैं। इसमें नोएडा नंबर-1 रहा है। तुलनात्मक प्रतिशत में देखने पर स्पष्ट होता है कि पिछले पांच साल में नोएडा में 470 प्रतिशत निवेश बढ़ा है। इसके साथ ही 311 प्रतिशत और ज्यादा जमीन का आवंटन हुआ है।

निवेश के लिए प्रदेश में पहली बार आई कई बड़ी नामी कंपनियों ने भी नोएडा का ही चयन किया है। अब यूपी सरकार की तरफ से चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी चल रही है। प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, जो जून में हुई थी, उसमें नोएडा की 39 इंडस्ट्रियों ने हिस्सा लिया था। इस सेरेमनी के बाद बहुत सी नई कंपनियों ने नोएडा का रुख किया। आठ हजार 224 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ। नोएडा प्राधिकरण ने बड़े और प्रतिष्ठित आवंटन की सूची में 21 आवंटन शामिल किए हैं। इसमें आइकिया, अडानी, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, टाटा कंसल्टेंसी, अग्रवाल असोसिएट्स, हल्दीराम, वन 97 कम्युनिकेशन, डिक्शान, एमएक्यू, मदरसन इंफोटेक और अन्य शामिल हैं।

--------------